कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट सं. 4, सेक्टर- 10, द्वारका, नई दिल्ली - 110075

# प्रेस विज्ञप्ति

## वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही एवं अर्धवार्षिकी के वित्तीय परिणाम

### मुख्य बिंदु

**बैंक का सकल वैश्विक कारोबार ₹25 लाख करोड़ से अधिक हो गया**
**तिमाही के लिए परिसंपत्तियों पर रिटर्न (आरओए) 1% के आंकड़े को पार कर गया**

- शुद्ध लाभ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 145% बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की द्वितीय तिमाही में ₹4303 करोड़ हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की द्वितीय तिमाही में यह ₹ 1,756 करोड़ था।
- परिसंपत्तियों पर रिटर्न (आरओए) वित्त वर्ष 2024 की द्वितीय तिमाही में 0.46% से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की द्वितीय तिमाही में 1.02% हो गया।
- इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) वित्त वर्ष 2024 की द्वितीय तिमाही में 10.15% से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की द्वितीय तिमाही में 19.91% हो गया।
- शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) वित्त वर्ष 2024 की द्वितीय तिमाही में ₹9923 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की द्वितीय तिमाही में ₹10517 करोड़ हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 5.99% का सुधार दर्शाता है।
- वैश्विक शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वित्त वर्ष 2025 की छमाही में 2.99% और वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 2.92% रहा।
- परिचालन लाभ वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में ₹6,216 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में वर्ष दर वर्ष10.25% बढ़कर ₹6,853 करोड़ हो गया।
- जीएनपीए अनुपात वर्ष दर वर्ष आधार पर 248 बीपीएस से सुधरकर सितम्बर 2024 को 4.48% हो गया, जो सितम्बर 2023 को 6.96% था।
- एनएनपीए अनुपात वर्ष दर वर्ष आधार पर 101 बीपीएस सुधरकर सितंबर 2023 के 1.47% से सितंबर 2024 को 0.46% हो गया।
- प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडब्ल्यूओ सहित) सितंबर 2023 के 91.91% से सितंबर 2024 को वर्ष दर वर्षआधार पर 476 बीपीएस सुधरकर 96.67% हो गया।
- प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडब्ल्यूओ को छोड़कर) सितंबर 2023 के 80.00% से सितंबर 2024 को वर्ष दर वर्षआधार पर 1018 बीपीएस सुधरकर 90.18% हो गया।
- क्रेडिट लागत वर्ष दर वर्षआधार पर 123 बीपीएस सुधरकर वित्त वर्ष 2024 की द्वितीय तिमाही में 1.31% से वित्त वर्ष 2025 की द्वितीय तिमाही में 0.08% हो गई।
- वैश्विक व्यापार सितंबर 2023 के ₹22,51,631 करोड़ से सितंबर 2024 को वर्ष दर वर्ष आधार पर 11.93% बढ़कर ₹25,20,246 करोड़ हो गया।
- वैश्विक जमाराशियों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 11.33% की वृद्धि दर्ज की गई, जो सितंबर 2024 को ₹14,58,342 करोड़ रुपये हो गई, जबकि सितंबर 2023 में यह ₹13,09,910 करोड़ हो गया।
- वैश्विक अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 12.76% की वृद्धि हुई, जो सितंबर 2023 को ₹9,41,721 करोड़ से बढ़कर सितंबर 2024 को ₹10,61904 करोड़ थी |
- आरएएम अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 12.03% की वृद्धि हुई, जो सितंबर 2023 के ₹5,03,489 करोड़ से बढ़कर सितंबर 2024 को ₹5,64,049 करोड़ हो गया।
- सीडी अनुपात सितंबर 2023 में 71.89% की तुलना में सितंबर 2024 को 72.82% हो गया।

## प्रमुख मापदंडों में व्यावसायिक प्रदर्शन

### जमाराशियां

- बचत जमाराशियाँ 3.7% की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर ₹4,88,635 करोड़ हो गईं।
- चालू जमाराशि 1.6% की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए ₹68,104 करोड़ हो गई।
- कासा जमाराशियाँ 3.4% की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर ₹5,56, 739 करोड़ हो गईं।
- सितम्बर 2024 को बैंक का कासा हिस्सा 39.31% रहा |
- सितंबर 2024 को कुल सावधि जमा में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 16.8% की वृद्धि देखी गई, जो ₹9,01,603 करोड़ हो गई।

### अग्रिम

- सितम्बर 2024 में कुल खुदरा ऋण वर्ष दर वर्ष 14.6% बढ़कर ₹2,50,149 करोड़ हो गया।
- बैंक ने कोर रिटेल के अंतर्गत 19.0% की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए विकास किया। कोर रिटेल क्रेडिट के अंतर्गत:
  - आवास ऋण में 19. 5% की वृद्धि हुई और यह ₹1,09, 948 करोड़ हो गया।
  - वाहन ऋण में 25.0% की वृद्धि दर्ज की गई और यह ₹22,543 करोड़ तक पहुँच गया।
- कृषि ऋण में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 11.1% की वृद्धि हुई और यह ₹1,62,829 करोड़ हो गया।
- एमएसएमई ऋण में वर्ष-दर-वर्ष 8.9% की वृद्धि हुई और यह ₹1,51,071 करोड़ हो गया।

## आस्ति गुणवत्ता

- सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) सितम्बर 2023 के ₹**65,563** करोड़ से सितम्बर 2024 को ₹ **17,981** करोड़ घटकर ₹ **47,582** करोड़ हो गईं।
- शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनएनपीए) सितम्बर 2023 के ₹**13,114** करोड़ से सितम्बर 2024 को ₹**8,440** करोड़ घटकर ₹**4,674** करोड़ हो गईं।

## लाभप्रदता

- वित्त वर्ष 2025 की प्रथम छमाही के लिए शुद्ध लाभ ₹7,555 करोड़ रहा, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 150.8% की वृद्धि दर्ज की गई।
- वित्त वर्ष 2025 की प्रथम छमाही के लिए परिचालन लाभ ₹13,434 करोड़ रहा, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 10.3% की वृद्धि दर्ज की गई।
- वित्त वर्ष 2025 की प्रथम छमाही के लिए शुद्ध ब्याज आय ₹20,993 करोड़ रही, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 8.1% की वृद्धि दर्ज की गई।
- वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए कुल आय ₹34,447 करोड़ और प्रथम छमाही के लिए ₹66,613 करोड़ रही, जो कि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 17.2% और 14.9% की वृद्धि दर्ज की गई।
- वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में बैंक की कुल ब्याज आय ₹29,875 करोड़ और वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के लिए ₹58,431 करोड़ रही, जो कि वर्ष दर वर्ष आधार पर क्रमशः 13.4% और 13.5% की वृद्धि दर्ज की गई।
- वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में गैर-ब्याज आय ₹ 4,572 करोड़ और वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही के लिए ₹ 8,182 करोड़ रही, जो कि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 51.0 % और 26.6 % की वृद्धि दर्ज की गई।
- वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में बैंक का कुल ब्याज व्यय ₹ 19,358 करोड़ और वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही के लिए ₹ 37,439 करोड़ रहा , जो कि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 17.8% और 16.7% की वृद्धि दर्ज की गई।
- वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए परिचालन व्यय ₹8,235 करोड़ और वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के लिए ₹15,740 करोड़ रहा, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 22.3% और 14.8% की वृद्धि दर्ज की गई।

**कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट सं. 4, सेक्टर- 10, द्वारका, नई दिल्ली - 110075**

## ❖ क्यूआईपी के माध्यम से ₹5,000 करोड़ की कोर पूंजी जुटाई गई।

- ❖ 16.6 गुना सब्सक्रिप्शन - ग्रीन शू (₹2,500 करोड़)।
- ❖ विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) से 68%, म्यूचुअल फंड (एमएफ) से 17% और बीमा कंपनी से 8% बोलियां प्राप्त हुईं।
- ❖ शेयरों की संख्या 1101.10 करोड़ से, 48.19 करोड़ बढ़कर 1149.29 करोड़ हो गई।
- ❖ भारत सरकार की शेयरधारिता 70% से ऊपर बनी हुई है।
- ❖ सीईटी/टियर -1/सीआरएआर में ~65 बीपीएस की वृद्धि हुई।

## पूँजी पर्याप्तता

- ❖ सीआरएआर सितम्बर 2023 के 15.09% से बढ़कर सितम्बर 2024 को 16.36% हो गई, जिसमें 127 बीपीएस का सुधार दर्ज किया गया।
- ❖ टियर-I पूंजी 13.63% (सीईटी-1 सितंबर 2023 के 10.23% से सुधरकर सितंबर 2024 को 11.59% हो गई और एटी-1 सितंबर 2023 के 1.79% से सुधरकर सितंबर 2024 को 2.04% हो गई) और टियर-II सितंबर 2024 को 2.73% रही |

## दक्षता अनुपात/उत्पादकता अनुपात

- ❖ वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में अग्रिमों पर वैश्विक प्रतिफल 8.31% और वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में 8.32% रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में यह 8.15% और वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में 8.10% था।
- ❖ वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में जमाराशियों की वैश्विक लागत में 32 आधार अंकों की वृद्धि के साथ 5.18% और वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में 35 आधार अंकों की वृद्धि के साथ 5.14% हो गया।
- ❖ वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में निवेश पर प्रतिफल में 16 आधार अंकों की वृद्धि के साथ 7.03% और वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में 25 आधार अंकों की वृद्धि के साथ 7.04% हो गया।
- ❖ परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (आरओए) वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में 0.40% से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में 0.92% हो गया।
- ❖ इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही से 8.82% से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में 18.20% हो गया।
- ❖ प्रति कर्मचारी कारोबार सितंबर 2023 में ₹22.65 करोड़ से बढ़कर सितंबर 2024 में ₹25.26 करोड़ हो गया। प्रति शाखा कारोबार सितंबर 2023 में ₹217.65 करोड़ से बढ़कर सितंबर 2024 में ₹240.72 करोड़ हो गया।
- ❖ प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में ₹7.20 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में ₹17.63 लाख हो गया। प्रति शाखा शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में ₹69.21 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में ₹168.03 लाख हो गया।

## प्राथमिकता क्षेत्र की उपलब्धि

- ❖ प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम 40% के राष्ट्रीय लक्ष्य से ऊपर और एएनबीसी के 41.10% पर रही |
- ❖ कृषि अग्रिम 18% के राष्ट्रीय लक्ष्य से ऊपर और एएनबीसी के 18.58% पर रही |
- ❖ छोटे और सीमांत किसानों को ऋण राष्ट्रीय लक्ष्य 10% से ऊपर और एएनबीसी का 10.36% रही |
- ❖ कमजोर वर्ग को ऋण 12% के राष्ट्रीय लक्ष्य से ऊपर और एएनबीसी के 13.89% पर रही |
- ❖ सूक्ष्म उद्योग को ऋण 7.50 % के राष्ट्रीय लक्ष्य से ऊपर और एएनबीसी के 8.15% पर रही |

## वित्तीय समावेशन

- पीएमजेडीवाई खाते सितंबर 2023 के 4.79 करोड़ से बढ़कर सितंबर 2024 को 5.26 करोड़ हो गए।
- पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के तहत सितम्बर 24 में नामांकन निम्नानुसार हैं:-

*(सं.लाख में)*

| जनसुरक्षा योजना में नामांकन | 30.09.2023 | 30.09.2024 |
|---|---|---|
| प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) | 60.31 | 67.26 |
| प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) | 239.07 | 272.63 |
| अटल पेंशन योजना (एपीवाई) | 31.71 | 41.86 |

## डिजिटल प्रगति और पहल

- पीएनबी वन सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 30.09.2023 को 153 लाख से बढ़कर 30.09.2024 को 200 लाख हो गई, जो वर्ष दर- वर्ष आधार पर 30.7% की वृद्धि दर्ज करती है।
- व्हाट्सएप बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की संख्या 30.09.2023 को 27.4 लाख से बढ़कर 30.09.2024 को 43.5 लाख हो गई, जो वर्ष दर- वर्ष आधार पर 58.7% की वृद्धि दर्ज करती है।
- डिजिटल जर्नी के माध्यम से ऋण वितरण ₹17,500+ करोड़ को पार कर गया।
- पीएनबी वन बिज़ (कॉर्पोरेट एम-बैंकिंग ऐप) लॉन्च किया गया और 12000+ ग्राहक जुड़े।
- प्रमुख पहल:
    - सीबीडीसी के माध्यम से ई-पीएम विश्वकर्मा के तहत ऋण का वितरण |
    - पीएनबी वन ऐप उपयोगकर्ताओं के लिए पीएनबी लॉयल्टी रिवार्ड्स प्रोग्राम |
    - पीएनबी वन के माध्यम से पीपीएफ/एसएसए स्टेटमेंट डाउनलोड करना |

## वितरण नेटवर्क

- 30 सितंबर 2024 को बैंक की 10159 घरेलू शाखाएँ और 2 अंतर्राष्ट्रीय शाखाएँ हैं। कुल शाखाओं में से बैंक की 63. 31% शाखाएँ ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं
- शाखाओं का वितरण निम्नानुसार है:

| श्रेणी | शाखाओं की संख्या | प्रतिशत% |
|---|---|---|
| ग्रामीण | 3934 | 38.72% |
| अर्ध शहरी | 2498 | 24.59% |
| शहरी | 2003 | 19.72% |
| मेट्रो | 1724 | 16.97% |

- बैंक के वितरण नेटवर्क में 12040 एटीएम और 33010 बीसी भी शामिल हैं, जिससे 30.09.2024 तक टच प्वाइंट की कुल संख्या 55209 हो गई है।

## पुरस्कार और सम्मान

- गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 2023-24 के लिए **राजभाषा कीर्ति पुरस्कार**
    - **पीएनबी प्रतिभा पत्रिका के लिए प्रथम पुरस्कार**
    - **दूसरा पुरस्कार - समग्र**
- **ग्लोबल फिनटेक अवार्ड्स 2024** - पेमेंट काउंसिल ऑफ इंडिया, एनपीसीआई और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल (एफसीसी) द्वारा आधार के माध्यम से पीएनबी वन ऑनबोर्डिंग के लिए वर्ष की ग्रीन बैंकिंग पहल की

श्रेणी में **प्रथम पुरस्कार**।

- **नवीकरणीय स्रोतों से महत्वाकांक्षी 200 गीगावाट ऊर्जा उत्पादन में योगदान के लिए मान्यता** - नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को वितरित अधिकतम ऋण के लिए **पीएसबी में तीसरा** सर्वोच्च उपलब्धि।
- **ग्रीन रिबन चैंपियंस पुरस्कार** - न्यूज18 द्वारा पलाश परियोजना के तहत बैंक की हरित पहल|
- **उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार** - कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कृषि अवसंरचना निधि के तहत रैपिड अभियान के अंतर्गत **दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन** करने वाला बैंक।
- **भारत के सर्वश्रेष्ठ सीएफओ - 2024**- श्री **दिलीप कुमार जैन को दलाल स्ट्रीट इन्वेस्टमेंट जर्नल** द्वारा वर्ष 2024 के लिए "**भारत के सर्वश्रेष्ठ सीएफओ - बैंक (लार्ज कैप श्रेणी**)" के रूप में सम्मानित किया गया।
- **भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) द्वारा द्वितीय आईसीसी इमर्जिंग एशिया बैंकिंग कॉन्क्लेव एवं पुरस्कार** - परिसंपत्ति गुणवत्ता और लाभप्रदता पर सर्वोत्तम प्रदर्शन।

## बैंक की सोशल मीडिया में उपस्थिति

- **फेसबुक: 23,85,727 फ़ॉलोअर्स https://www.facebook.com/pnbindia/**
- **X: 4,62,803 फ़ॉलोअर्स https://twitter.com/pnbindia**
- **इंस्टाग्राम: 5,64,191 फ़ॉलोअर्स https://www.instagram.com/pnbindia**
- **लिंक्डइन: 1,51,272 फ़ॉलोअर्स https://in.linkedin.com/company/pnbindia**
- **यूट्यूब: 2,18,941 सब्सक्राइबर https://www.youtube.com/pnbindia**
- **थ्रेड्स: 35,007 फ़ॉलोअर्स https://www.threads.net/@pnbindia**

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 28/10/2024**